लोक सभा अध्यक्ष संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2023 में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे

....

राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के आधार पर चुने गए 85 युवा इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं

....

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जुड़ने और आम आदमी के दृष्टिकोण को समझने के लिए प्रोत्साहित करना है

....

नई दिल्ली; 1 मार्च, 2023: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला कल संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2023 में प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। श्री बिरला राष्ट्रीय विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र भी प्रदान करेंगे।

राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में आयोजित जिला और राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धाओं के आधार पर चुने गए 85 युवा इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

28 राज्यों और 8 संघ राज्यक्षेत्रों के 755 जिलों में हुई स्क्रीनिंग प्रक्रिया में लगभग 2.01 लाख युवा शामिल हुए । जिला स्तरीय युवा संसदों में 7140 युवाओं ने भाग लिया । राज्य युवा संसदों में 1407 युवाओं ने समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की।

प्राइड, लोक सभा सचिवालय द्वारा युवा कार्य और खेल मंत्रालय के समन्वय से आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

i. 18 से 25 वर्ष तक की आयु के युवाओं की बात सुनना, जिन्हें मतदान करने की अनुमति है, लेकिन वे चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप में खड़े नहीं हो सकते।

ii. युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जुड़ने, आम आदमी की बात को समझने, अपनी राय बनाने और इसे स्पष्ट तरीके से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना।

iii. युवाओं में निर्णय क्षमता विकसित करना और इसे बढ़ाना।

iv. युवाओं में दूसरों के विचारों के प्रति सम्मान और सहिष्णुता विकसित करना।

v. उनमें इस बात की समझ विकसित करना कि किसी भी चर्चा को व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए नियमों का अनुपालन आवश्यक है।

vi. 2024 में न्यू इंडिया के विजन पर युवाओं की राय प्राप्त करना और दस्तावेज प्रस्तुत करना।

vii. युवाओं के विचार नीति-निर्माताओं और इन नीतियों का कार्यान्वयन करने वालों तक पहुंचाना ताकि इस पर आगे कार्यवाही हो सके।